तापमान
अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 13 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025

11 विधान सभा बजट सत्र में उठा मसानी बैराज के दूषित पानी व कोसली के जर्जर बस स्टैंड का मुद्दा



12 भाड़ावास फाटक आरओबी के एक तरफा तैयार पुल से वाहन चालकों ने लिया ट्रायल



DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 20000/- प्रति वर्ग गज से शुरू
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
आप सभी के लिए
100 गज के प्लाट पर
सुनहरा अवसर
30% की छूट* लक्की ड्रा के तहत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**धारूहेड़ा।** साबी बैराज के पास पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। महेश्वरी के विकास नगर निवासी रोहित भारद्वाज बाइक लेकर रेवाड़ी की ओर जा रहा था। मसानी बैराज के पास आगे चल रही पिकअप गाड़ी के चालक ने अचानक गाड़ी रेवाड़ी कट की ओर मोड़ दी। इससे पिकअप बाइक से टकरा गई। वह बाइक सहित रोड पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बावल।** सेक्टर-2 में चोर एक अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में कंवाली निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में कार्य करता है। कंपनी के काम से वह प्राइवेट अस्पताल आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह अस्पताल में चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी

**कोसली।** विश्वकर्मा कॉलोनी में चोर एक दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये के कपड़े चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में संजय कुमार ने बताया कि उसने एक दुकान के ऊपर चौबारे में स्पोर्ट्स की दुकान की हुई है। रात को वह दुकान बंद करने के बाद घर चला गया था। सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर सारा सामान सामान बिखरा हुआ था। चोर दुकान से टी-शर्ट, लोयर व ट्रैकसूट चोरी कर ले गए। उसने पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी ले गए चोर

**रेवाड़ी।** कंपनी बाग में रात के समय चोर एक मकान के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में अंकित जैन ने बताया कि वह अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी करता है। रात को करीब 10 बजे स्कूटी खड़ी करने के बाद लॉक कर दी थी। सुबह जब वह उठकर बाहर आया तो उसे स्कूटी नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी स्कूटी का कोई पता नहीं चला। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद स्कूटी की तलाश शुरू कर दी।

### युवक पर युवती को भगाने का आरोप

**रेवाड़ी।** रामपुरा थानातंर्गत एक गांव से युवती के घर से लापता होने के बाद उसके पिता ने केस दर्ज कराया है। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय लड़की जयपुर की एक लाइब्रेरी में स्टडी कर रही है। वह अपने गांव आई हुई थी। 8 मार्च को घर वह अचानक लापता हो गई। उसने आरोप लगाया कि उसकी बेटी राजस्थान के नीमका थाना निवासी चंदन के संपर्क में थी। वही उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवती व आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

---

बीमित व्यक्ति का कागजों में हो रहा इलाज, इसके बाद संबंधित कंपनी को पेश कर रहे दावा

# डॉक्टर के सर्टिफिकेट से लेकर इलाज तक का फर्जीवाड़ा, बीमा कंपनियों को लगा रहे चूना

- कंपनी की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसकी जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

मेडिकल काउंसिल के सर्टिफिकेट से लेकर मरीज के इलाज तक में कई जगह फर्जीवाड़ा हो रहा है। बीमा कंपनियों से इलाज का दावा पेश करने के लिए आंखों में धूल झोंकने का खेल कई प्राइवेट अस्पतालों में जमकर खेला जा रहा है। इस बात का खुलासा एक बीमा कंपनी की ओर से इलाज का खर्च वसूलने के लिए प्रस्तुत दावों की जांच के बाद किया गया है। एसपी को कंपनी की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसकी जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई है। बीमा कंपनियों से फर्जी क्लेम वसूलने के दावों के कई मामले सामने आ रहे हैं।

बीमा कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के तहत बीमित व्यक्ति के इलाज का खर्च वहन करती हैं। कंपनियों को धोखा देकर क्लेम वसूल करने वाला गिरोह सक्रिय है, जो ऐसे ही बीमित व्यक्तियों की तलाश में रहता है। इसके बाद बीमित मरीज को फर्जी तरीके से न सिर्फ अस्पताल में दाखिल कराया जाता है, बल्कि उसके टेस्ट और इलाज का ब्योरा भी तैयार किया जाता है। एक बीमा कंपनी ने इलाज खर्च प्रतिपूर्ति के दावों की जांच की, तो ऐसे कई मामले सामने आ गए।



रेवाड़ी। सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय। फोटो :हरिभूमि

कंपनी की ओर से प्रतिपूर्ति के लिए प्रस्तुत किए गए दावों की जांच कराई, तो यह बात सामने आई कुछ केसों में इलाज करने वाले डॉक्टरों के दिल्ली मेडिकल काउंसिल के पंजीकरण प्रमाण पत्र ही फर्जी हैं। इन दावों की सत्यता की जांच टाटा एआईजी इंश्योरेंश कंपनी की ओर से कराई गई है। फर्जीवाड़ा पाए जाने के बाद कंपनी की ओर से एसपी मयंक गुप्ता का शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसकी जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई है।

### आईएमए का ऐसे अस्पतालों से संबंध नहीं



बीमा क्लेम के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराने वाले इस तरह के अस्पतालों या डॉक्टरों से आईएमए का कोई लिंक नहीं है। डा. राहुल सिंह आईएमए से जुड़ा हुआ नहीं है। अगर आईएमए से संबद्ध किसी अस्पताल का मामला होता, तो इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाती। पुलिस को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेना चाहिए।
**-डा. दीपक शर्मा, प्रधान, आईएमए।**

### कंपनी की शिकायत पर करा रहे जांच



एक बीमा कंपनी की ओर से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर क्लेम लेने का प्रयास करने की शिकायत दर्ज कराई गई है। आर्थिक अपराध शाखा को शिकायत पर जांच करने के लिए कहा गया है। आरोप सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।
**-मयंक गुप्ता, पुलिस अधीक्षक।**

### डॉक्टर ने इलाज करने से अनभिज्ञता जताई

एक अन्य दावे में शहर के शक्ति नगर निवासी अनिल लोहचब और महिला प्रवेश चौधरी ने गुरूग्राम के फर्रुखनगर स्थित ओंकार अस्पताल से इलाज कराने के बाद प्रतिपूर्ति का दावा कंपनी के समक्ष किया। दोनों ही मामलों में डा. हिमांशु पूनिया से इलाज कराने के दस्तावेज पेश किए गए थे। कंपनी के अधिकृत ऑफिसर ने डा. पूनिया से गुरूग्राम में संपर्क साधा, तो उन्होंने ओंकार अस्पताल से कोई संबंध नहीं होने की बात कही। डा. पूनिया ने लिखित में दिया कि उन्होंने न तो इस अस्पताल किसी का इलाज किया और न ही वह अस्पताल की टीम में शामिल था।

### कैंसर पीड़ित की एक्सिडेंटल डेथ दिखाई

बीमा कंपिनयों से क्लेम वसूलने के लिए कई अन्य हथकंडे भी अपनाए जा रहे हैं। टाटा इंश्योरेंस कंपनी से बीमित दिल्ली के तिमारपुर निवासी सतीश राठी की मौत के बाद उसके बेटे शेखर राठी ने 8 लाख रुपये क्लेम वसूलने के लिए दावा प्रस्तुत किया था। उसने अपने पिता की मौत सड़क हादसे में होने के दस्तावेज कंपनी के समक्ष प्रस्तुत किए थे। कंपनी ने जब तथ्यों की जांच कराई तो इस बात का खुलासा हुआ सतीश राठी की मौत कैंसर से हुई थी। उसका सड़क हादसे से कोई लेना-देना नहीं था। कंपनी की ओर से शेखर राठी के खिलाफ तिमारपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है।

### मामला उजागर होने के बाद अस्पताल गायब

पवन कुमार शर्मा की ओर से प्रतिपूर्ति राशि का दावा पेश किया गया, जिसमें उसने अपना इलाज सेक्टर-4 स्थित हीलिंग टच अस्पताल से कराए जाने के दस्तावेज कंपनी को पेश किए थे। इलाज करने वाले डॉक्टर का नाम डा. राहुल सिंह बताया गया। दस्तावेजों के साथ डा. राहुल का दिल्ली मेडिकल काउंसिल से पंजीकरण सर्टिफिकेट भी संलग्न किया गया था। कंपनी की ओर से डॉक्टर के पंजीकरण की जांच कराई, तो डीएमसी ने उसे फर्जी करार देते हुए डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की। अब सेक्टर से यह अस्पताल ही गायब हो चुका है। उसी बिल्डिंग में अन्य नाम से अस्पताल खोला गया है।

---

## नाबालिग का दुष्कर्म करने वाले दोषी को बीस साल की सजा

- जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को जेल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश गुप्ता ने 13 साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को जेल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। दोषी व्यक्ति धारूहेड़ा के गांव खरखड़ा निवासी दलीप सिंह है।

शहर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 23 दिसंबर 2022 की सुबह उसकी 13 साल की बेटी को उसकी पत्नी ने कुछ सामान लाने के लिए दुकान पर भेजा था। आरोपी दिलीप बच्ची को बहला फुसलाकर एक कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बच्ची रोती चिल्लाती हुई घर पहुंची और अपनी मां को आरोपी की हरकतों के बारे में बताया। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। शहर थाना पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराया और पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट, दुष्कर्म और अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जांच के बाद अदालत में चार्जशीट दायर की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में साक्ष्य प्रस्तुत किए और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए। साक्ष्यों और सभी पहलुओं पर सुनवाई के बाद फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के एएसजे लोकेश गुप्ता ने आरोपी व्यक्ति को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 20 साल कैद और एक लाख 17 रुपये जुर्माने की सजा दी है।



रेवाड़ी। सचिवालय के पास स्थित जिला कोर्ट परिसर। फोटो :हरिभूमि

## पत्नी को पीटने का आरोप, आरोपी पति पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

थाना खोल पुलिस ने टींट गांव में पत्नी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। अस्पताल में उपचाराधीन महिला ललिता ने पुलिय बयान में बताया कि उसका पति सुरेश अक्सर उसके व उसके बच्चों के साथ मारपीट करता है। बीते सोमवार को सुबह के समय उसके पति ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसे लात-घूसों से जमकर पीटा गया। कान पर मारे गए थप्पड़ से उसके कान का पर्दा फट गया। महिला ने आरोप लगाया कि उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती है। परिवार के अन्य सदस्य बचाव करने की बजाय उसके पति का ही पक्ष लेते हैं। पहले वह समाज के डर से चुप्प रही, परंतु आए दिन की जाने वाली मारपीट से तंग आकर वह पुलिस कार्रवाई करना चाहती है। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

## बाइक चोरी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव मिलकपुरी निवासी आसबदीन उर्फ कल्लु, गांव सिलारपुर निवासी रासीद व सफीक खान उर्फ टुल्ला के रूप में हुई है।

राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव कालाका निवासी परमजीत ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह डीजे फ्लोवर का काम करता है। गत 3 मार्च को वह धारूहेड़ा के शिवालय गार्डन में काम के लिए आया था तथा बाइक को गार्डन के अंदर खड़ा किया था, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार, 20 हजार रुपये बरामद

**रेवाड़ी।** शिव नगर छोटी बगीची के पास एक गली में ताश के पत्तों से जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से जुए की राशि बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि छोटी बगीची के पास कुछ लोग गली में ताश के रूप में जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां चार लोग शर्त लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने चारों को मौके पर ही काबू कर लिया। काबू किए गए आरोपियों में गुर्जरवाड़ा निवासी सतीश, कुतुबपुर निवासी, सोमदत्त, विक्रम व न्यू आदर्श नगर निवासी सतीश शर्मा शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से दो जोड़ी ताश व 20 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। होली पर्व पर जुआ खेलने का शौक सिर चढ़कर बोलता है। जगह-जगह लोग ताश के रूप में जुआ खेलते हैं। पुलिस ने दो दिन के अंदर जुआ खेलने के 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## महिला अधिवक्ताओं ने दिया प्रेम व भाईचारे का संदेश

**रेवाड़ी।** जिला बार एसोसिएशन की महिला अधिवक्ताओं की ओर से बार रूम में बार एसोसिएशन उपप्रधान के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिला अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन की नई उप प्रधान अधिवक्ता सुमन यादव को पगड़ी पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उप प्रधान ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर बल दिया। सुमन यादव ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसका वे पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से पालन कर बार को नई ऊंचाईयों पर ले जाने का काम करेगी तथा अधिवक्ताओं की सभी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि होली भाईचारे प्रेम और आपसी सौहार्द का त्योहार है, इसलिए सभी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम भावन के साथ त्योहार मनाएं और पानी की बर्बादी न करें। इस अवसर पर बार एसोसिएशन की पूर्व सचिव राखी, सहसचिव मोनिका, ललिता भारती, भागेश यादव तथा टीना सहित अनेक महिला अधिवक्ता उपस्थित रही।


रेवाड़ी। होली मिलन समारोह में मौजूद अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि

---

सप्ताह के अंत तक परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम, आसमान में बादलों से फसल कटाई हुई तेज

# सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार, बादल छाने से मौसम में बदलाव

- तापमान बढ़ने के साथ ही सर्दी की विदाई लगभग तय हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिन के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे सर्दी की पूरी तरह विदाई और गर्मी का आगाज होना शुरू हो गया है। रात के तापमान में भी वृद्धि होने लगी है। आसमान में बादल छाने से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। बादल छाते ही सरसों की कटाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सप्ताह के अंत तक मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल सकता है। तापमान में उतार-चढ़ाव भी बना रहेगा। मंगलवार को सुबह के समय आसमान साफ रहा। दोपहर तक तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान पहली बार 3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 34.5 डिग्री पर आ गया। इस सीजन में पहली बार तापमान 34 डिग्री के पार हुआ है। न्यूनतम तापमान भी 1.1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 13.5 डिग्री पर पहुंच गया। इससे रात के समय भी सर्दी का असर कम होना शुरू हो गया है। मंगलवार को दोपहर तक मौसम का मिजाज इस कदर गर्म हुआ कि लोगों को पंखे चलाने पड़े। अब रात के समय भी पंखे चलने शुरू हो गए हैं।


रेवाड़ी। एक खेत में काटी हुई सरसों की फसल। फोटो :हरिभूमि

दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल छा गए। हवा में नमी का स्तर बढ़कर 55 फीसदी तक हो गया, जबकि 13 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। तापमान बढ़ने के साथ ही सर्दी की विदाई लगभग तय हो गई है।

अब गर्मी का असर अपना काम करेगा। आने वाले दिनों में पखों के साथ-साथ कूलर व एसी भी चलने शुरू हो जाएंगे। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के अंत तक मौसम में बदलाव बना रहेगा। कभी मौसम साफ रहेगा, तो कभी आसमान में बादल छाएंगे। इस दौरान हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। तापमान में अभी और उछाल आ सकता है।

### बादल देख किसान हो रहे चिंतित


इस समय सरसों की कटाई का कार्य चल रहा है। दो दिन से आसमान में बादल छाने से किसानों की चिंता बढ़ रही है। मौसम बिगड़ने से ओलावृष्टि की आशंका परेशान कर रही है। सरसों खेतों में पककर तैयार हो चुकी है। अगर इस समय ओलावृष्टि होती है, तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। तेज हवाएं चलने से गेहूं की फसल भी जमीन पर गिर सकती है, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित हो सकता है। गेहूं की फसल पकाव की ओर है। फसल में दीमक का प्रकोप भी शुरू होने लगा है। इस समय किसान सरसों की कटाई तेजी से कर रहे हैं, ताकि फसल सुरक्षित घर पहुंच सके।



# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।

लाइफ Style



# अदा

## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला




# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

## टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।



## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतें बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज

## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*



***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



*मुंबई। विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज़ में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गई। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता



बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर'के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

## खबर संक्षेप

### कोताही बरतने पर परीक्षा ड्यूटी से किया कार्यभार मुक्त

**नारनौल।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से प्रदेशभर में सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) और डीएलएड (रि-अपीयर) की परीक्षाएं चल रही है। इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति में बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार एसडीएम नांगल चौधरी द्वारा परीक्षा केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांवडी जाट से पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार को परीक्षा ड्यूटी में कौताही बरतने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त कर दिया गया।

### होली मिलन समारोह 14 मार्च को

**नारनौल।** नर नारायण सेवा समिति की और से होली मिलन का आयोजन 14 मार्च को शिव मंदिर टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे महावीर चौक में किया जाएगा। समिति अध्यक्ष रामसिंह मधुर ने बताया की होली मिलन समारोह में तिलक लगाकर फूलों की होली मनाई जाएगी तथा संगीत, चुटकुले, कविता पाठ का भी आयोजन होगा।

### राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की बैठक अटाली में 14 को

**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला महेंद्रगढ़ इकाई की कार्यकारिणी की बैठक 14 मार्च आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए महासभा के ग्राम प्रधान राजवीर प्रजापति ने बताया यह बैठक बाबा भैया के मंदिर में अटाली में सुबह नौ बजे होगी।

## रेवाड़ी व कोसली विधायकों ने जिले की समस्याओं पर की पैरवी

# विधान सभा बजट सत्र में उठा मसानी बैराज के दूषित पानी व कोसली के जर्जर बस स्टैंड का मुद्दा

**विधायक ने विधानसभा के बजट सत्र में रेवाड़ी के लिए नासूर बने मसानी बैराज के केमिकल युक्त दूषित पानी के उचित समाधान की उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी





रेवाड़ी। विधानसभा में अपनी मांगे रखते विधायक लक्ष्मण सिंह यादव। व विधानसभा में कोसली हल्के की मांगे रखते विधायक अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा के बजट सत्र में रेवाड़ी के लिए नासूर बने मसानी बैराज के केमिकल युक्त दूषित पानी के उचित समाधान तथा इसके लिए बजट आवंटित किए जाने की मांग को उठाया। इसके अलावा धारूहेड़ा खंड को नया उपमंडल बनाने, धारूहेड़ा के बाइपास तथा नगर परिषद रेवाड़ी को नगर निगम का दर्जा दिए जाने की मांग की। विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मसानी बैराज को पर्यटन स्थल बनाने के उद्देश्य से इसमे नहरों का पानी छोड़ा जा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे इस बैराज की करीब एक हजार एकड़ जमीन का दुरुपयोग होने लगा तथा इसमें रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा के सीवर सहित कंपनियों का कैमिकल युक्त दूषित पानी भी डालना प्रारंभ कर दिया गया, जिसके कारण करीब 15 फीट तक दूषित पानी जमा हो गया है। इस दूषित पानी के चलते आसपास के 15 से 20 गांवों के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। बैराज के आसपास के ग्रामीण हर स्तर पर अपनी मांग को उठाने के साथ-साथ आंदोलन भी कर चुके हैं, लेकिन इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकाला गया है।

उन्होंने कहा कि एनजीटी की गाइडलाइन जारी होने के बाद पॉल्यूशन विभाग ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और स्वीकार किया कि यह कंपनियों का दूषित पानी है। विधायक ने ग्रामीणों को इस समस्या से स्थाई निजात दिलाने की मांग की। विधायक की मांग पर प्रदेश के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि साहबी नदी के विकराल रूप को देखते हुए मसानी बैराज बनाया गया था। इस बैराज के निर्माण का उद्देश्य बरसाती पानी को एकत्रित करने तथा क्षेत्र के भूजलस्तर को ऊंचा उठाना था। एसटीपी के पानी को साफ कर यहां छोड़ा जा रहा था, लेकिन कंपनियों का दूषित पानी भी यहां छोड़े जाना लगा। इसका निरीक्षण किया जाएगा तथा लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

### होगा समाधान

विधायक की मांग पर प्रदेश के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि साहबी नदी के विकराल रूप को देखते हुए मसानी बैराज बनाया गया था। इस बैराज के निर्माण का उद्देश्य बरसाती पानी को एकत्रित करने तथा क्षेत्र के भूजलस्तर को ऊंचा उठाना था। , लेकिन कंपनियों का दूषित पानी भी यहां छोड़े जाना लगा। इसका निरीक्षण किया जाएगा तथा लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

### विधान सभा में कोसली क्षेत्र की मांगें उठाई

कोसली के विधायक अनिल यादव ने मंगलवार को विधानसभा सत्र में कोसली हल्के की विकास संबंधी मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि कोसली हल्का सैन्य बाहुल्य क्षेत्र है तथा बलिदानियों की भूमि है। शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को चिरस्थायी एवं प्रेरणापुंज बनाने के लिए यहां ऐतिहासिक स्मारक बनाया जाए तथा इलाके में कुछ विशेष परियोजनाएं लागू की जाएं। विधायक ने कहा कि गांव कंवाली में खेल विभाग की ओर से हॉकी अकेडमी एस्ट्रो टर्फ सहित बनवाई जाए, जिससे आसपास के क्षेत्र के बच्चों की खेल प्रतिभा को उभारने का मौका मिलेगा। उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज नाहड़ में पीजी की कक्षाएं आरम्भ कराने, गांव टहना दीपालपुर में कृषि विभाग की लगभग 24 एकड जमीन पर सरसों एक्सीलेंट सेंटर खुलवाने, कोसली के कंडम बस स्टैंड भवन का निर्माण कराने तथा कोसली से चंडीगढ, दिल्ली, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ व रोहतक की सीधी बस सेवा चालू कराने तथा हरियाणा राज्य परिवहन का सब डिपो बनाने, कोसली बाइपास के अधूरे कार्य को पूरा कराने, कोसली बाजार के मध्य स्वीकृत अंडर पास को बनवाने, ग्राम पंचायत भाकली-2 के अन्तर्गत कोसली स्टेशन क्षेत्र में नाहड रोड़ व नठेडा रोड़ पर विकसित हो चुकी शिव कॉलोनी, आस्था कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी, नई बस्ती तथा साल्हावास रोड़ पर विश्वकर्मा कॉलोनी व आदर्श नगर के नाम बन चुकी रिहायशी कॉलोनियों को वैध घोषित करने की मांग की। इसके अतिरिक्त युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कोसली हल्के में औधोगिक हब स्थापित किए जाने,डहीना ब्लॉक में आईटीआई का निर्माण कराने तथा कोसली के गुडियानी, रत्नथल व लिलोढ गावों में पीएचसी बनवाने की मांग रखी।



रेवाड़ी। बैठक में पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनते एसपी डा. मयंक गुप्ता।

# एसपी ने वेलफेयर की बैठक में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

■ पिछली वेलफेयर मीटिंग में रखी गई 6 समस्याओं के संबंध में भी फीडबैक लिया

पुलिस लाइन स्थित मीटिंग हाल में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता की अध्यक्षता में वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में एसपी ने जिले के सभी थाना, चौकी, क्राइम युनिट व पुलिस लाइन के पुलिस कर्मियों की वेलफेयर से संबंधित समस्याएं सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।


मीटिंग में डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी कोसली विद्यानंद एव डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर तथा वेलफेयर इंसपेक्टर रामपाल सहित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एसडीओ सूरज व सभी थाना प्रभारी, क्राइम युनिट इंचार्ज, चौकी इंचार्ज व पुलिस कर्मचारी मौजूद थे। इस मौके पर एसपी मयंक गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं, सरकारी आवासों व विभाग से संबंधित अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया। पिछली वेलफेयर मीटिंग में रखी गई 6 समस्याओं के संबंध में भी फीडबैक लिया गया। उन्होंने ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया तथा बाकी का जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस थाना एवं चौकियों में पुलिस कर्मियों की जो भी जरूरी जरूरत है वह जल्द पूरी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने थानों व चौकियों में पीने के पानी के लिए लगे आरओ सहित अन्य उपकरणों की कमी पूरी करने तथा थाना-चौकियों सहित पुलिस लाइन में स्वच्छता साफ-सफाई व बिल्डिंग के उचित रखरखाव रखने के निर्देश दिए।

# श्रीमद् भागवत सेवा आश्रम दड़ौली में भजन सत्संग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

*सत्संग में प्रवचन सुनकर गदगद हुए सभी भक्त*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाटूसाना

मंगलवार को श्रीमद् भागवत सेवा आश्रम दड़ौली में भजन सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम के संचालक स्वामी सम्पर्णानंद महाराज ने मासिक भंडारा उत्सव के अवसर पर प्रचवन दिए। महाराज ने कहा कि 30 मार्च को हिंदू नव वर्ष हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। प्रत्येक परिवारपूजा-अर्चना करें और मंदिरों में हवन में 36 जाति के पति-पत्नी की जोड़े यजमान बनें। महिलाओं की ओर से कलश यात्रा निकाली जाएं व भजन कीर्तन का आयोजन किया जाए। भारतीय संस्कृति बचाओ अभियान के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र आशावादी मूसेपुरिया ने आमजन से नव संवत्सर 2082 के उपलक्ष्य में 30 मार्च को अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, उद्योगों व मंदिरों में गाय के देसी घी के दीपक जलाने का आग्रह किया है, जिससे गोमाता की गरिमा बढ़ेंगी व पर्यावरण पूर्ण रूप से शुद्ध होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी की भावना को और मजबूती करने के लिए सभी ने अपने घरों पर ऊं एवं देवी देवताओं के ध्वज लगाने चाहिए। इस अवसर पर महिलाओं एवं पुरुषों ने भजनों का आनंद लिया। इस मौके पर हरलाल, तुलाराम यादव, मोहन लाल, प्यारेलाल, राकेश यादव, सुरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र व रामकिशन सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। सत्संग में प्रवचन देते हुए स्वामी सम्पर्णानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत योजना प्लस 2.0 सर्वे शुरू

**रेवाड़ी।** डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि गरीब व आवासहीन परिवारों की पहचान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत योजना प्लस 2.0 सर्वे आरम्भ किया जा चुका है। उन सभी परिवारों का सर्वे कराया जाना है, जिनका पक्का घर नहीं है, घर जर्जर हालत में है या वास्तव में आवास योजना के लिए जरूरतमंद है। प्रदीप कुमार बताया कि इस योजना का उद्देश्य सभी पात्र परिवारों को खुद का घर उपलब्ध कराना है, ताकि कोई परिवार बिना घर के वंचित नहीं रहे। इस संबंध में ग्राम सचिव, खंड विकास समेत सभी संबंधितों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

# यूथ पार्लियामेंट के लिए आवेदन 16 तक

■ कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा आवेदन कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से माय भारत प्लेटफॉर्म के अंतर्गत विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर 16 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। जिला युवा अधिकारी मोनिका नांदल ने बताया कि यह कार्यक्रम नोडल जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है, विषय पर एक मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। इस विषय पर आने वाले वीडियो में से 150 उत्कृष्ट वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके बाद 150 प्रतिभागियों को केआर मंगलम विश्वविद्यालय सोहना गुरुग्राम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विधानसभा हरियाणा में किया जाएगा और राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन प्रतिभागियों का राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयनित प्रतिभागियों को देश की संसद दिल्ली में अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए भेजा जाएगा। विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद-2025 के लिए आयोजन के लिए केआर मंगलम विश्वविद्यालय सोहना गुरुग्राम को नामित किया गया है, जिसके अधीन रेवाड़ी एवं फरीदाबाद जिलों के समस्त सरकारी और निजी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं व गैर छात्र युवा प्रतिभागिता करेंगे। रेवाड़ी के युवा अपना ऑनलाइन वीडियो माय भारत पोर्टल पर गुरुग्राम जिले के विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के इवेंट लिंक में ही करे।

### जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के बावल व रेवाड़ी ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव 16 को

**रेवाड़ी।** जिले के ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव को लेकर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली की ओर से हरी झंडी दे दी गई है। जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जांगड़ा ने बताया कि 16 मार्च को सुबह 9 बजे से 5 बजे तक जगदीश शाह मील नियर राजकीय महाविद्यालय बावल में बावल ब्लॉक ग्रामीण तथा विश्वकर्मा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में रेवाड़ी ब्लॉक ग्रामीण में होने वाले ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव को लेकर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली ने मंगलवार को पत्र जारी कर दिया है। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली ने प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम जांगिड़ को निर्देशित करते हुए कहा कि रेवाड़ी में जारी चुनाव प्रक्रिया के तहत ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव कार्यक्रम को निर्बाध रूप से जारी रखा जाए।

# आईजीयू की पूरक परीक्षाओं के लिए 20 तक खोला पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



डा. विपुल यादव।

■ निर्धारित फीस के साथ 20 मार्च तक फॉर्म भर सकते हैं

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर एवं संबंधित महाविद्यालयों की मई-2025 की परीक्षाओं के लिए अंतिम से पहले सेमेस्टर के लिए सभी यूजी, यूजी ऑनर्स, बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बायोटेक, बीजेएमसी, बीए ऑनर्स, बीएससीऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स के पांचवे सेमेस्टर, एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएसडब्लू, एलएलएम, एमफामेर्सी के तीसरे सेमेस्टर, पीजी ऑनर्स के पांचवें और नोवें सेमेस्टर, बीटेक, बीफामेर्सी और बीएचएमसीटी के सातवें सेमेस्टर, आईटी और प्रबंधन एमबीए व एमसीए, एमटेक के तीसरे सेमेस्टर, पीजीडीसीए के प्रथम सेमेस्टर, एलएलबी 3 वर्ष)के पांचवे सेमेस्टर तथा एलएलबी 5 वर्ष के नौवें सेमेस्टर के ऑनलाइन पुनः परीक्षा फॉर्म के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित फीस के साथ 20 मार्च तक फॉर्म भर सकते हैं। विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव ने बताया कि वे विद्यार्थी जो अंडरग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षा के अंतिम वर्ष में हैं और जिनके ओड सेमेस्टर में किसी विषय में रीअपीयर आई हुई है,वे इसका लाभ उठा सकते हैं।

# बाबा हर्षापुरी के उत्सव का समापन

■ गांव कोहारड़ में बाबा हर्षापुरी के दो दिवसीय उत्सव का धूमधाम से समापन हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़

गांव कोहारड़ में बाबा हर्षापुरी के दो दिवसीय उत्सव का धूमधाम से समापन हो गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद लिया। खंड नाहड़ के गांव कोहरड़ स्थित बाबा हर्षापुरी धाम पर ग्राम वासियों एवं कमेटी सदस्यों के सहयोग से बाबा के दो दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया। सोमवार रात्रि अमन नाहड़िया तथा पार्टी ने जागरण में बाबा की महिमा का गुणगान किया। रातभर श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमते रहे। मंगलवार सुबह पंडित रामेहर शर्मा ने हवन सम्पन्न कराया। पंडित रामेश्वर ने ज्योति प्रज्वलित की। कन्याओं एवं साधुओं को भोजन कराने के बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पार्षद शारदा यादव, नाहड़ ब्लॉक समिति चेयरमैन दुष्यंत यादव, अशोक कुमार, उदयभान डागर, कोहरड़ सरपंच किरण देवी, सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह, कमेटी प्रधान रमेश कुमार, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, सतबीर, बलजीत सिंह, धर्मपाल, विजय, शुभराम व राजेंद्र सहित इलाके अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। बाबा हर्षापुरी धाम पर प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की शिकयतें सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

# समाधान शिविर में बनाई महिला की वृद्धा पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में प्रतिदिन समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को जनसमस्याओं को सुनते हुए डीसी ने जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को डहीना निवासी कांता देवी की वृद्धावस्था पेंशन बनाने के निर्देश दिए, जिस पर समाधान शिविर के दौरान ही जरूरी कार्यवाही पूरी की गई। डीसी मीणा ने कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों के समाधान के लिए ये शिविर कारगर सिद्ध हो रहे है। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का समाधान करने उपरांत पोर्टल पर एटीआर भी अपडेट करने की हिदायत दी।

**पुलिस अलर्ट** होली उत्सव पर खाटू श्याम मेले के उपलक्ष्य में बढ़ती भीड़ को लेकर सर्तकता बढ़ी

# यात्रियों की सुरक्षा के लिए चलाया सर्च अभियान आरपीएफ व जीआरपी ने की संदिग्धों की जांच

*साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया गया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर राउंड लेते हुए आरपीएफ व जीआरपी की टीम। फोटो : हरिभूमि

रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर स्पेशल जांच अभियान चलाया गया। जीआरपी थाना प्रभारी श्याम सिंह ने बताया कि होली उत्सव पर खाटू श्याम मेले के उपलक्ष्य में बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन पर जांच की जा रही हैं। अभियान के दौरान जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने संदिग्ध यात्रियों व सामानों की जांच भी की। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा को लेकर जीआरपी और आरपीएफ की टीमों का गठन किया गया हैं। यात्री संदिग्ध की सूचना ड्यूटी स्टॉफ को दे सकते है। पुलिस के संयुक्त जांच अभियान में डॉग स्क्वॉयड की टीम को भी शामिल किया गया। डॉग मार्फी के माध्यम से संदिग्ध सामान की जांच की गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार जांगड़ा ने कहा कि होली उत्सव मेले में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने बताया कि खाटूधाम जाने वाली मेला स्पेशल ट्रेनों में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। रेल यात्री किसी भी संदिग्ध की जानकारी देकर अपनी और पुलिस की मदद करें। स्पेशल चेकिंग अभियान के दौरान यात्रियों को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉग स्क्वायड से एचसी ललित कुमार, एसआई अशोक कुमार, एसआई अनिल गौतम, एएसआई रेखा शर्मा, पिंकी व बिंदु यादव सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

# आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी व सदस्य धूमधाम से मनाएंगे होली महोत्सव

*बैठक में लिया गया निर्णय*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सेक्टर एक रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से प्रति वर्ष सामुहिक रूप से होलिका का दहन किया जाता है। आरडब्ल्यूए की देखरेख में होली महोत्सव को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र यादव के नेतृत्व में सेक्टर स्थित होली पार्क में मंगलवार को आयोजित बैठक में आयोजन समिति को सदस्यों को विभिन्न प्रभार सौंपें गए।

एसोसिएशन के महासचिव निरंजन लाल गुप्ता ने बताया कि 13 मार्च को होली का पूजन व होलिका दहन तथा 14 मार्च को धुलेंडी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी सेक्टरवासियों का रचनात्मक योगदान रहेगा। बैठक में सुधा देवी, अशोक गुप्ता, मुदित बंसल, संजीव,राजितेंद्र, प्रताप सिंह, प्रवीण कुमार, पृथ्वी सिंह, देवेंद्र यादव, अशोक जैन,सचिन, सत्यदेव, रणधीर सिंह, दिनेश कुमार, विकास मित्तल, कमल कुमार व हैप्पी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। सेक्टर एक में होली महोत्सव को लेकर बैठक करते एसोसिएशन सदस्य।

## खबर संक्षेप

### मालपुरा से लापता वृद्ध का सुराग नहीं

**धारूहेड़ा।** मालपुरा गांव से 6 मार्च को लापता हुए वृद्ध का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस शिकायत में मूल रूप से यूपी के डोहरिया खुर्द निवासी उत्तम ने बताया कि वह और उसका पिता 60 वर्षीय रघु मालपुरा में रह रहे हैं। उसका पिता पांच दिन पूर्व अचानक घर से कहीं चला गया। इसके बाद शाम तक उसका पिता नहीं आया तो रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पूछताछ की गई। काफी पूछताछ करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद वृद्ध का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### युवक पर बस में छेड़छाड़ व मारपीट पर केस दर्ज

**कोसली।** झज्जर जिले के गांव की एक युवती ने एक युवक पर बस में अभद्रा, छेड़छाड़ व विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। युवती ने पुलिस को



बताया कि मंगलवार को सुबह दस बजे वह प्राइवेट बस में अपने गांव से कोसली जा रही थी। उनके गांव से बस में चढ़ा एक युवक रास्ते में बस के अंदर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर कोसली बस अड्डे पर उसके साथ मारपीट की। युवती ने सूचना देकर अपने परिजनों को बुलाया तथा थाने में शिकायत दी। पुलिस ने युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### एचएसआरडीसी का सिर्फ अंडर पास का कुछ कार्य बाकी

# भाड़ावास फाटक आरओबी के एक तरफा तैयार पुल से वाहन चालकों ने लिया ट्रायल

हेमंत शर्मा ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी-सांझापुर स्टेट हाइवे स्थित भाड़ावास रेलवे फाटक पर रेलवे की ओर से ओवरब्रिज बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। रेलवे की ओर से ओवरब्रिज के एक तरफा हिस्से में लोहें का स्ट्रक्चर बनाने के बाद सड़क का कार्य भी पूरा कर लिया है।

अब दूसरी लाइन के स्ट्रक्चर बनाने का कार्य किया जा रहा है। गत दिवस रेलवे एजेंसी की ओर से अपने कार्य के लिए तैयार हो चुके एक तरफा पुल को शुरू किया गया था, जिसके बाद शहर के नागरिक भी वाहनों को लेकर पुल से गुजरना शुरू हो गए। सुरक्षा को लेकर रेलवे एजेंसी की ओर से मंगलवार को तैयार हो चुके पुल के एक तरफा हिस्से को बेरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया है। रेलवे एजेंसी के इंजीनियर के अनुसार तैयार हो चुके पुल के एक तरफा हिस्से के दो सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है, जिससे लोगों की कुछ हद तक परेशानी दूर होगी। पुल चाालू होने की सूचना पर मंगलवार को काफी वाहन चालक आरओबी पर चक्कर लगाते रहे, लेकिन बेरिकेड लगे होने के कारण उन्हे वापस लौटना पड़ा। रेलवे एजेंसी के अनुसार पुल के दूसरी लाइन का कार्य जून तक पूरा होने की संभावना है।

**जून माह में आरओबी के पूर्णतया: तथा एक तरफा पुल के दो सप्ताह में चालू होने की उम्मीद, सुरक्षा को लेकर बेरिकेड लगाकर किया बंद**





रेवाड़ी। भाड़ावास आरओबी के दोनों तरफ लगाए बेरिकेड तथा ओवरब्रिज का तैयार हो रहा दूरी लाइन का स्ट्रक्चर। फोटो : हरिभूमि

#### आरओबी के बाद अंडरपास का होगा कार्य पूरा

भाड़ावास रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य सितंबर 2021 में शुरू किया गया था तथा कार्य को जून 2023 में पूरा होना था, लेकिन कार्य धीमी गति से चलने के कारण आरओबी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। आरओबी 60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। ओवरब्रिज के कार्य के पूरा होने से रेवाड़ी-सांझापुर मार्ग पर स्थित सैकड़ों गांवों तथा आसपास की कॉलोनियों के लोगों को काफी राहत मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम यानि एचएसआरडीसी की ओर से ओवरब्रिज का अपने हिस्से का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है, सिर्फ अंडरपास का कार्य कुछ बाकी है। रेलवे की ओर से आरओबी का कार्य पूरा करने के बाद अंडरपास का कार्य भी पूरा किया जाएगा।

#### अभी वैकल्पिक मार्ग से कर रहे आवागमन

रेलवे की ओर से आरओबी के कार्य के चलने के कारण अभी लोग वैकल्पिक मार्ग से आवागमन कर रहे है। वाहन चालक रामपुरा होकर आवागमन कर रहे है। भाड़ावास मार्ग पर स्थित करीब 30 से 35 गांवों तथा फाटक के पास स्थित चार कॉलोनियों के हजारों लोगों को ओवरब्रिज कार्य पूरा होने का बेसब्री से इंतजार है। अब आरओबी का कार्य जून-2025 तक पूरा होने की पूरी उम्मीद है। आरओबी कार्य के कारण मार्ग के बंद होने से कंपनीबाग, हंस नगर, न्यू आदर्श नगर और परशुराम कॉलोनी की भी करीब 5 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। पुल तैयार होने के बाद गांवों व कॉलोनियों के लोगों का सफर सुगम हो जाएगा।





रेवाड़ी। बेरिकेड लगे होने के कारण ओवरब्रिज से वापस लौटते वाहन चालक तथा आरओबी की एक तरफा तैयार की गई सड़क। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। बैठक में समाज के लोगों को संबोधित करते नीरज सोनी। फोटो : हरिभूमि

# स्वर्णकारों का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

### समाज हित में लिए गए कई निर्णय

- विवाह-सगाई तथा अन्य शुभ अवसरों पर सादा समारोह के आयोजन किए जाएंगे
- सभी प्रकार के निमंत्रण फोन अथवा मैसेज के माध्यम से भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नई बस्ती स्थित धर्मशाला में आमसभा एवं तिलक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी सुनारों ने भाग लिया। आमसभा में स्वर्णकार बिरादरी के उत्थान के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। चौधरी नीरज सोनी ने कहा कि विवाह-सगाई तथा अन्य शुभ अवसरों पर सादा समारोह के आयोजन किए जाएंगे। रिश्ता तय करते समय लड़का-लड़की के गोत्र मिलान को प्राथमिकता न देकर उनकी शैक्षणिक योग्यता, उनकी जीवन शैली व भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए रीति रिवाज व न्यूनतम औपचारिकताओं के साथ विवाह किए जाएंगे। भात, छुछक तथा लग्न के अवसर पर समाज को न्यूनतम 1100 रुपये दिए जाएंगे तथा सभी प्रकार के निमंत्रण फोन अथवा मैसेज के माध्यम से भेजे जाएंगे। स्वर्णकार एवं ज्वेलर्स का काम करने वाले सभी बिरादरी की रेट लिस्ट के नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। समाज को निर्देशित करने के लिए निर्देशन कमेटी का गठन भी किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के लोगों ने धर्मशाला की मरम्मत के लिए दान देने की घोषणा की। इस अवसर पर बाबू गोरा सिंह, प्रकाश चंद, संतोष प्रधान, पुरुषोत्तम दास, पूरणमल, सुरेश, शिवनारायण, सुरेंद्र सोनी, विनोद सोनी, कुलदीप सोनी, मुरारी लाल सोनी, सुनील सोनी, रामनिवास सोनी, जगदीश सोनी, मास्टर विद्यासागर, सतीश सोनी, पवन, लक्ष्मण सोनी, हेमंत सोनी, विजेंद्र, प्रदीप, यशपाल व दौलत एवं समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# आपदा मित्रों को आपदा तैयारी और जागरूकता के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को जिले के आपदा मित्रों को आपदा तैयारी और जागरूकता में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीसी ने स्वयंसेवकों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर डीसी मीणा ने कहा कि आपदा मित्रों का समर्पण और योगदान जिले को आपदाओं से बचाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपका कार्य हमारी सुरक्षा के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने जिले के नागरिकों को इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया ताकि एक मजबूत और सुरक्षित समुदाय बना सकें। आपदा मित्र कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और जागरूकता अभियानों में प्रशिक्षण दिया जाता है। स्वयंसेवकों का कार्य आपदा के दौरान त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर



रेवाड़ी। आपदा मित्रों को सम्मानित करते हुए डीसी।

राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल लखनऊ में 21 दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनर्स व स्वयंसेवकों ने उपायुक्त को मार्गदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में एसडीएम सुरेंद्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीआरओ प्रदीप देशवाल व डीपीओ आपदा प्रबंधन मीनाक्षी सहित मास्टर ट्रेनर्स और स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# बाल भवन में 'एक वासंती शाम-रेवाड़ी के नाम' 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- पुस्तक लोकार्पण, नाट्य मंचन पुस्तक प्रदर्शनी तथा विचार गोष्ठी का आयोजन होगा

सांस्कृतिक संस्था मित्रम के तत्वावधान में 16 मार्च को बाल भवन में दोपहर 3 बजे रेवाड़ी के इतिहास, कला, संस्कृति, शिक्षा, राजनीति एवं सामाजिक सरोकारों पर केंद्रित कार्यक्रम 'एक वासंती शाम-रेवाड़ी के नाम' आयोजित किया जाएगा, जिसमें पुस्तक लोकार्पण, नाट्य मंचन, पुस्तक प्रदर्शनी तथा विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। मित्रम के संयोजक ऋषि सिंहल ने बताया कि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मेजर डा. टीसी राव करेंगे तथा जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र सिंह यादव स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। वयोवृद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डा. एसएन सक्सेना कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार विपिन सुनेजा 'शायक' की नव प्रकाशित कृति 'रेवाड़ी से बोल रहा हूं' का लोकार्पण, उनके द्वारा लिखित व निर्देशित नाटिका रेवा-नगरी का मंचन, संगीत प्रस्तुति, रचनाकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी तथा विचार गोष्ठी का आयोजन होगा।

# परिवार ने पेश की मिसाल, शगुन में लिया एक रुपया और नारियल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी में हाल ही में एक परिवार ने बिना दहेज शादी करके समाज के सामने मिसाल पेश की है। मूलरूप से नारनौल के गांव नीरपुर के निवासी वर्तमान में भिवानी सेक्टर-23 निवासी स्व. राजकुमार के बेटे ललित यादव की शादी रेवाड़ी के गांव लिलोढ़ निवासी व गुरुटेक सोसायटी में रहने वाले पब्लि हेल्थ विभाग में एसडीओ अशोक डागर की बेटी शालिनी से हुई है। लड़के के पिता राजकुमार शिक्षा बोर्ड भिवानी में सुपरिटेंडेंट के पद पर थे। उनकी इच्छा थी कि बेटे की शादी बिना दान दहेज के हो। शादी में वर पक्ष ने दहेज के रूप में केवल एक रुपया और नारियल लेकर कन्या को विदा कराया। ललित दिल्ली में ईडी में कार्यरत है और लड़की शालिनी ने एमएससी बीएड, सीटेट, नेट जेआरएफ किया हुआ है और अब पीएचडी करने की तैयारी है। ललित यादव ने शालिनी के साथ बिना दहेज शादी करके समाज में



रेवाड़ी। बिना दहेज की शादी में कन्यादान करते वधु पक्ष।

मिसाल पेश की है। ललित की मां मुनेश यादव व शालिनी की मां बीना यादव ग्रहणी है। इस शादी ने समाज को दहेज प्रथा के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया है। वर पक्ष के परिवार ने पहले ही तय कर लिया था कि वे बिना दहेज के शादी करेंगे और उन्होंने शालिनी के परिवार को भी इस बारे में सूचित कर दिया था।

## प्रजापति समाज का होली मिलन समारोह आज

**रेवाड़ी।** प्रजापति समाज की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रजापति कुम्हार सभा की बैठक समाज के प्रधान रोशनलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें 12 मार्च को दोपहर 3 बजे प्रजापति धर्मशाला में होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। संजय प्रधान, मास्टर महेंद्र सिंह व हरिकिशन प्रजापति ने कहा कि होली पर्व पर सद्भावना बनाए रखने के लिए आपसी भाईचारा जरूरी है। इस अवसर पर राजू, रमेश खजांची, धर्मेंद्र, कृष्ण कुमार, सुनील मास्टर, वीर सिंह प्रधान, चौधरी दौलतराम, बेघराज व अमर सिंह सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित प्रजापति समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

# टांकडी में जांच कैंप में 271 लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी यानि सीएसअसर के तहत जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन व हेल्पएज इंडिया की ओर से मंगलवार को गांव टांकडी में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य दवा वितरण और रक्त परीक्षण जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। हड्डीरोग विशेषज्ञ डा. अजय, त्वचारोग विशेषज्ञ डा. आंचल , नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. सतेंद्र कुमार, एमडी मेडिसिन डा. एमएम गुप्ता और ईएनटी स्पेशलिस्ट डा. अक्षय ने शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने कैंप में व्यवस्थाओं को देखा। कैंप में 271 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। टांकडी गांव की सरपंच मनीषा देवी और सभी पंचों ने कैंप में सहयोग दिया। हेल्पएज इंडिया की टीम से डा. अतर सिंह व एसपीओ अभिषेक शर्मा ने टीम सहित शिविर में योगदान दिया। जेएसडब्ल्यू स्टील कोटेड बावल के प्लांट हेड मुक्तिनाथ राय, सभी एचओडी, बावल के थाना प्रभारी संजय सिंह और डिप्टी सीएमओ बावल डा. विजय प्रकाश उपस्थित थे।




रेवाड़ी। शिविर में आंखों की जांच कराते हुए लोग।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**फागोत्सव** फाल्गुन एकादशी पर फॉग उत्सव में भजनों पर थिरके श्रृद्धालु, फूलों व गुलाल से खेली होली

# 'सांवरिया ने डाल्यो रंग हाय मैं रंगीली हो गई, बांके नैनों से पीली भंग हाय मैं नशीली हो गई'....

**खास बातें**

- श्याम प्रभु का 114वां भव्य संकीर्तन व फॉग उत्सव आयोजित
- श्रद्धालुओं ने होली के भजनों पर नृत्य भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित श्री श्याम बाबा के मंदिर में फाल्गुन एकादशी के अवसर पर श्री श्याम प्रभु के 114वें भव्य संकीर्तन व फॉग उत्सव का आयोजन किया गया। एकादशी पर्व पर सेक्टर-3 निवासी नेहा व खुशी तथा कुतुबपुर निवासी मनोज सैनी ने श्री श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार कराया। रमेश अग्रवाल व नीरज अग्रवाल ने श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित की। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में वृंदावन धाम से स्वर्णा श्री व धुरव शर्मा तथा गोकलगढ़ रेवाड़ी से गायक संजय शर्मा ने अनेक मनमोहक भजनों से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। फॉग उत्सव में श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में फूलों व गुलाल से जमकर होली भी खेली। श्रद्धालुओं ने होली के भजनों पर नृत्य भी किया। फाल्गुन एकादशी पर श्याम मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। मंगलवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।







रेवाड़ी। संकीर्तन में सजा श्रीश्याम बाबा का दरबार, श्याम संकीर्तन में भजन गाते हुए स्वर्णा श्री व ध्रुव शर्मा तथा मौजूद श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

#### गायकों ने अनेक भजनों से संकीर्तन में बांधा समां

फाल्गुन एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश जी व हनुमान जी की वंदना से जागरण का शुभारंभ किया। उसके बाद 'आएगा जी आएगा, श्याम धनी घर आएगा तथा मेरे श्याम सांवरिया तेरे पास आया हू, चरणों में तेरे अरदास लाया हूं' सहित अनेक भजन सुनाएं। वृंदावन धाम से स्वर्णा श्री व ध्रुव शर्मा ने ' बांके बिहारी कजरारे तेरे मोटे-मोटे नैन, नजर न लग जाए' व 'मेरी राधा रानी के चरण प्यारे-प्यारे, श्यामा प्यारी के चरण प्यारे-प्यारे, मुझे और जगत से क्या लेना-क्या लेना मेरे मन मतवाले तू राधा नाम तो गा ले, तेरी पार करगी नैया इन चरणों से प्रीत लगा ले' व 'सांवरिया ने डाल्यो रंग हाय मैं रंगीली हो गई, बांके नैनों से पीली भंग हाय में नशीली हो गई' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम बाबा के संकीर्तन में चरत अग्रवाल, रवि भट्टेवाले, विजय अग्रवाल, रितेश बंसल, राजुल, राजन, अमित गुप्ता, अनिल मखीजा, मनीष सचदेवा, राजेश अग्रवाल, अचल गुप्ता, विकास बंसल, अनिल गुप्ता, नवीन भारद्वाज, दीपेश भार्गव, कुशल गोयल, मयूर गोयल, पलक अग्रवाल, रजनी अग्रवाल व मंजू अग्रवाल सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।